इसे वेबसाइट **www.govtpress.nic.in** से भी डाउन लोड किया जा सकता है.

मध्यप्रदेश राजपत्र

प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 35] भोपाल, शुक्रवार, दिनांक 30 अगस्त 2024—भाद्र 8, शक 1946

भाग ४

विषय—सूची

(क)	(1) मध्यप्रदेश विधेयक,	(2) प्रवर समिति के प्रतिवेदन	(3) संसद् में पुरःस्थापित विधेयक.
(ख)	(1) अध्यादेश	(2) मध्यप्रदेश अधिनियम,	(3) संसद् के अधिनियम.
(ग)	(1) प्रारूप नियम,	(2) अन्तिम नियम.	

भाग ४ (क)—कुछ नहीं

भाग ४ (ख)—कुछ नहीं

भाग ४ (ग)

अंतिम नियम

संस्कृति विभाग

मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 22 अगस्त 2024

एफ क्रमांक 01—18/2015/तीस:::: भारत के संविधान के अनुच्छेद 309 के परंतुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए तथा इस विभाग की अधिसूचना क्रं. एफ. 1—27—95—सी—तीस, दिनांक 30 अप्रैल, 1999 को अतिष्ठित करते हुए, मध्यप्रदेश के राज्यपाल, एतद्द्वारा, पुरातत्व, अभिलेखागार एवं संग्रहालय, तृतीय श्रेणी (अराजपत्रित) लिपिकीय सेवा के सदस्यों की भर्ती तथा सेवा शर्तो से संबंधित निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात् :—

नियम

1. **संक्षिप्त नाम तथा प्रारंभ :–**

(1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम " मध्यप्रदेश पुरातत्व,अभिलेखागार एवं संग्रहालय, तृतीय श्रेणी (अराजपत्रित) लिपिकीय सेवा भर्ती नियम, 2024" है।

(2) ये मध्यप्रदेश राजपत्र में इनके प्रकाशन की तारीख से प्रवृत्त होंगे।

2. **परिभाषाएं**– इन नियमों में, जब तक संदर्भ में अन्यथा अपेक्षित न हो :–

(क) सेवा या पद के संबंध में "नियुक्ति प्राधिकारी " से अभिप्रेत है, आयुक्त/ संचालक, पुरातत्व अभिलेखागार एवं संग्रहालय;

(ख) "आयुक्त " से अभिप्रेत है, आयुक्त पुरातत्व, अभिलेखागार एवं संग्रहालय, मध्यप्रदेश;

(ग) "संचालक " से अभिप्रेत है, संचालक पुरातत्व, अभिलेखागार एवं संग्रहालय;

(घ) "आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग "(ई.डब्ल्यू.एस.) से अभिप्रेत है, कोई नागरिक जो सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र क्रमांक एफ–7–11/ 2019/आ.प्र. /एक, दिनांक 02 जुलाई 2019 के अनुसार किसी आरक्षित श्रेणी, जैसे कि अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के अधीन नहीं आता है;

(ड.) "परीक्षा" से अभिप्रेत है, नियम के अधीन भर्ती के लिये संचालित प्रतियोगिता परीक्षा;

(च) "भूतपूर्व सैनिक" से अभिप्रेत है, ऐसा व्यक्ति जो निम्नलिखित प्रवर्गो में से किसी एक प्रवर्ग का हो और जो भारत सरकार के अधीन कम से कम छह माह की निरंतर कालावधि के लिए नियोजित रहा हो तथा जिसकी किसी भी रोजगार कार्यालय में अपने नाम का पंजीयन कराने या सरकारी सेवा में नियोजन हेतु अन्यथा आवेदन करने की तारीख से तीन से अनधिक वर्ष पूर्व मित–व्ययिता इकाई की सिफारिशों के फलस्वरूप या स्थापना में सामान्य रूप से कमी किए जाने के फलस्वरूप छंटनी की गई थी या जो अतिशेष घोषित किया गया था।

(1) भूतपूर्व सैनिक जिन्हें सेवानिवृत्त रियायतों (मस्टरिंग आउट कन्सेशन) के अधीन निर्मुक्त कर दिया गया हो;

(2) भूतपूर्व सैनिक जो निरंतर छह माह से अधिक समय तक देश की सेना में नियोजित रहा हो और किसी कदाचार के कारण निर्मुक्त नही किया गया हो;

(3) भूतपूर्व सैनिक जिन्हें दूसरी बार नामांकित किया गया हो और जिन्हें,–

(क) अल्पकालीन बचनबंध पूर्ण हो जाने पर;

(ख) भरती संबंधी शर्ते पूर्ण हो जाने पर;

सेवोन्मुक्त कर दिया गया हो;

(4) मद्रास सिविल ईकाई के भूतपूर्व कार्मिक;

(5) ऐसे अधिकारी जिन्हें अवकाश रिक्तियां के विरूद्ध छह मास से अधिक के लिए निरंतर कार्य करने के पश्चात् सेवोन्मुक्त किया गया हो;

(6) भूतपूर्व सैनिक, जिन्हें गोली लग जाने तथा घाव आदि हो जाने के कारण चिकित्सीय आधार पर सेवोन्मुक्त कर दिया गया हो;

(छ) "सरकार" से अभिप्रेत है, मध्यप्रदेश सरकार;

(ज) "राज्यपाल" से अभिप्रेत है, मध्यप्रदेश के राज्यपाल;

(झ) "अन्य पिछड़े वर्ग" से अभिप्रेत है, राज्य सरकार द्वारा, समय–समय पर यथा संशोधित अधिसूचना क्रमांक एफ 8–5–पच्चीस–4–84, दिनांक 26 दिसम्बर, 1984 द्वारा यथा विनिर्दिष्ट नागरिकों के अन्य पिछड़े वर्ग;

(ञ) ''छंटनी किए गए शासकीय सेवक'' से अभिप्रेत है, कोई व्यक्ति, जो इस राज्य की या किसी संघटक ईकाई की अस्थायी शासकीय सेवा में छह से अनिम्न मास की कालावधि तक निरंतर रहा हो तथा जिसे रोजगार कार्यालय में अपना पंजीयन कराने या सरकारी सेवा में नियोजन हेतु अन्यथा आवेदन करने की तारीख से तीन से अनधिक वर्ष पूर्व स्थापना में कमी किए जाने के कारण सेवोन्मुक्त किया गया हो;

(ट) ''अनुसूची'' से अभिप्रेत है, इन नियमों से संलग्न अनुसूची;

(ठ) ''अनुसूचित जाति'' से अभिप्रेत है, कोई जाति, मूलवंश या जनजाति अथवा जाति, मूलवंश या जनजाति का भाग या उसमें का समूह, जिसे भारत के संविधान के अनुच्छेद 341 के अधीन मध्यप्रदेश राज्य के संबंध में अनुसूचित जातियों के रूप में विनिर्दिष्ट किया गया है;

(ड) ''अनुसूचित जनजाति'' से अभिप्रेत है, कोई जनजाति या जनजाति समुदाय अथवा ऐसी जनजाति या जनजाति समुदाय का भाग या उसमें का समूह, जिसे भारत के संविधान के अनुच्छेद 342 के अधीन मध्यप्रदेश राज्य के संबंध में अनुसूचित जनजातियों के रूप में विनिर्दिष्ट किया गया है;

(ढ) ''चयन समिति'' से अभिप्रेत है, राज्य सरकार द्वारा यथा अनुमोदित चयन समिति;

(ण) ''सेवा'' से अभिप्रेत है, मध्यप्रदेश पुरातत्व, अभिलेखागार एवं संग्रहालय, तृतीय श्रेणी (अराजपत्रित) लिपिकीय सेवा;

(त) ''राज्य'' से अभिप्रेत है, मध्यप्रदेश राज्य।

3. **विस्तार तथा लागू होना.**– मध्यप्रदेश सिविल (सेवा की सामान्य शर्तें) नियम, 1961 में अंतर्विष्ट उपबंधों की व्यापकता पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, ये नियम सेवा के प्रत्येक सदस्य पर लागू होंगे।

4. **सेवा का गठन.**– सेवा में निम्नलिखित व्यक्ति सम्मिलित होंगे, अर्थात्:–

(क) वे व्यक्ति, जो इन नियमों के प्रारंभ होने के समय अनुसूची–एक में विनिर्दिष्ट पद मूल रूप से या स्थानापन्न रूप से धारण कर रहे हों;

(ख) वे व्यक्ति, जो इन नियमों के प्रारंभ होने के पूर्व सेवा में भर्ती किए गए हों; और

(ग) वे व्यक्ति, जो इन नियमों के उपबंधों के अनुसार सेवा में भर्ती किए गए हों।

5. **वर्गीकरण, वेतनमान आदि.**– सेवा का वर्गीकरण, उससे संलग्न वेतनमान तथा सेवा में सम्मिलित पदों की संख्या, अनुसूची–एक में अंतर्विष्ट उपबंधों के अनुसार होगी:

परन्तु सरकार, समय–समय पर सेवा में सम्मिलित पदों की संख्या में या तो स्थाई या अस्थायी आधार पर वृद्धि या कमी कर सकेगी।

6. **भर्ती का तरीका.**–

(1) इन नियमों के प्रारंभ होने के पश्चात्, सेवा में भर्ती, निम्नलिखित तरीकों से की जाएगी, अर्थात्:–

(क) प्रतियोगिता परीक्षा द्वारा या सीधी भर्ती द्वारा;

(ख) अनुसूची–चार के कालम (2) में यथा विनिर्दिष्ट सेवा के सदस्यों की पदोन्नति द्वारा;

(ग) ऐसे व्यक्तियों के स्थानान्तरण द्वारा, जो कि इस निमित्त विनिर्दिष्ट ऐसी सेवाओं में ऐसे पद हो, धारण करते हों।

(2) उप–नियम (1) के खण्ड (क) या खण्ड (ग) के अधीन भर्ती किए गए व्यक्तियों की संख्या, किसी भी समय, अनुसूची–एक में विनिर्दिष्ट पदों की संख्या की अनुसूची–दो में दर्शाई गई प्रतिशतता से अधिक नहीं होगी।

(3) इन नियमों के उपबंधों के अध्यधीन रहते हुए, भर्ती की किसी विशिष्ट कालावधि के दौरान भरे जाने के लिए यथा अपेक्षित, सेवा में किसी भी विशिष्ट रिक्ति या रिक्तियों को भरने के प्रयोजन के लिए अपनाया जाने वाला भर्ती का तरीका तथा प्रत्येक तरीके द्वारा भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों की संख्या, प्रत्येक अवसर पर, सरकार के परामर्श से नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा अवधारित की जाएगी।

(4) उप–नियम (1) में अंतर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी, यदि नियुक्ति प्राधिकारी की राय में सेवा की अत्यावश्यकता को देखते हुए ऐसा करना अपेक्षित हो, तो सरकार, सामान्य प्रशासन विभाग की पूर्व सहमति से सेवा में भर्ती के लिए उक्त उप–नियम में विनिर्दिष्ट तरीकों से भिन्न ऐसे तरीके अपना सकेगी, जो इस निमित्त जारी आदेश द्वारा विहित किए जाएं।

7. **सेवा में नियुक्ति.**– इन नियमों के प्रारंभ होने के पश्चात्, सेवा में समस्त नियुक्तियां नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा की जाएंगी तथा ऐसी कोई भी नियुक्ति नियम 6 में विनिर्दिष्ट भर्ती के तरीकों में से किसी एक तरीके द्वारा चयन के पश्चात् के सिवाय नहीं की जाएगी।

8. **सीधी भर्ती के लिए पात्रता की शर्तें.**– सीधी भर्ती हेतु पात्र होने के लिए किसी अभ्यर्थी को निम्नलिखित शर्तें पूर्ण करनी होंगी, अर्थात्:–

(1) **आयु:–**

(क) अभ्यर्थी ने परीक्षा/चयन प्रारंभ होने की तारीख की ठीक आगामी जनवरी के प्रथम दिन को अनुसूची–तीन के कालम (3) में यथा विनिर्दिष्ट आयु पूर्ण कर ली हो तथा उक्त अनुसूची के कालम (4) में यथा विनिर्दिष्ट आयु पूर्ण नहीं की हो;

(ख) यदि अभ्यर्थी अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़े वर्ग से संबंधित है, या अंतर्जातीय विवाह प्रोत्साहन कार्यक्रम के अधीन पुरूस्कृत दम्पतियों के सवर्ण पति–पत्नि के संबंध में, सामान्य ऊपरी आयु–सीमा अधिकतम 5 वर्ष तक शिथिलनीय होगी;

(ग) मध्यप्रदेश सिविल सेवा (महिलाओं की नियुक्ति हेतु विशेष उपबंध) नियम, 1997 के नियम 4 के उपबंधों के अनुसार महिला अभ्यर्थियों की ऊपरी आयु–सीमा 5 वर्ष तक शिथिलनीय होगी;

(घ) उन अभ्यर्थियों के संबंध में, जो मध्यप्रदेश सरकार के कर्मचारी हों अथवा रहे हों, ऊपरी आयु–सीमा उस सीमा तक तथा नीचे विनिर्दिष्ट शर्तों के अध्यधीन रहते हुए शिथिलनीय होगी, अर्थात्:–

(एक) कोई अभ्यर्थी जो स्थाई शासकीय सेवक है, 45 वर्ष से अधिक आयु का नहीं होना चाहिए;

(दो) शासकीय/निगम/मण्डल/स्वशासी निकाय तथा नगर सैनिक के अधीन कार्यरत पुरूष तथा महिला अभ्यर्थियों तथा आरक्षित श्रेणी के पुरूष एवं महिला अभ्यर्थियों तथा विधवा/परित्यक्ता/तलाकशुदा सहित सभी महिला अभ्यर्थियों के संबंध में अधिकतम आयु सीमा 45 वर्ष होगी:

परन्तु किसी भी दशा में समस्त छूटों सहित किसी भी संवर्ग के लिए अधिकतम आयु सीमा 45 वर्ष से अधिक नहीं होगी।

(तीन) छंटनी किए गए सरकारी सेवक के संबंध में उसे अपनी आयु में से उसके द्वारा पूर्व में की गयी समस्त अस्थाई सेवा की अधिकतम 7 वर्ष तक की कालावधि, भले ही वह कालावधि एक से अधिक बार की गई सेवाओं का योग हो, कम करने के लिए

अनुज्ञात किया जाएगा, बशर्ते कि इसके परिणामस्वरूप जो आयु निकले वह निर्धारित सामान्य ऊपरी आयु–सीमा से 3 वर्ष से अधिक न हो।

(च) विधवा, निराश्रित अथवा तलाकशुदा महिला अभ्यर्थियों के संबंध में सामान्य ऊपरी आयु–सीमा 5 वर्ष तक शिथिलनीय होगी।

(छ) आदिम जाति, अनुसूचित जाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के अंतर्जातीय विवाह प्रोत्साहन कार्यक्रम के अधीन पुरस्कृत दम्पतियों के सवर्ण पति–पत्नी के संबंध में, सामान्य ऊपरी आयु–सीमा पांच वर्ष तक शिथिलनीय होगी।

(ज) विक्रम पुरस्कार धारक अभ्यर्थियों के संबंध में भी सामान्य ऊपरी आयु–सीमा पांच वर्ष तक शिथिलनीय होगी।

(झ) उन अभ्यर्थियों के संबंध में, जो मध्यप्रदेश राज्य निगम/मंडल के सदस्य है; ऊपरी आयु सीमा 45 वर्ष तक शिथिलनीय होगी।

(ञ) स्वयंसेवी नगर सैनिकों तथा नान कमीशन्ड अधिकारियों के संबंध में उनके द्वारा इस प्रकार पूर्ण की गई सेवा की कालावधि के अध्यधीन रहते हुए ऊपरी आयु–सीमा 8 वर्ष तक शिथिलनीय होगी, किन्तु किसी भी दशा में उनकी आयु 40 वर्ष से अधिक नहीं होना चाहिए।

टिप्पणी.– (1) ऐसे अभ्यर्थी, जो उपर्युक्त खण्ड (घ) के उप खण्ड (एक) तथा (दो) में उल्लिखित आयु संबंधी रियायतों के अधीन चयन हेतु पात्र पाए गए हैं, वे यदि आवेदन भेजने के पश्चात्, चयन के पूर्व या पश्चात् सेवा से त्यागपत्र दे देते हैं, तो वे नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होंगे। तथापि, यदि आवेदन प्रस्तुत करने के पश्चात् उनकी सेवा या पद से छंटनी हो जाती है तो वे नियुक्ति के लिए पात्र बने रहेंगे।

(2) यह आयु सीमाएं किसी भी अन्य दशा में शिथिल नहीं की जाएंगी। विभागीय अभ्यर्थी को उच्च पद पर चयन हेतु उपस्थित होने के लिए नियुक्ति प्राधिकारी की पूर्व अनुमति प्राप्त करना आवश्यक होगा।

(2) **शैक्षणिक अर्हताएं.**– अभ्यर्थी के पास अनुसूची–तीन में दर्शाई गई सेवा के लिए विहित शैक्षणिक अर्हताएं होनी चाहिएः

अभ्यर्थी जो अन्यथा अर्ह है, किन्तु जिन्होंने ऐसे विदेशी विश्वविद्यालयों से जो सरकार द्वारा विनिर्दिष्ट रूप से मान्यताप्राप्त नहीं है; उपाधियां प्राप्त की हैं, समिति के विवेकाधिकार पर चयन में प्रवेश के लिए विचार किया जा सकेगाः

परन्तु यह और कि किसी आपवादिक मामले में समिति, नियुक्ति प्राधिकारी की अनुशंसा पर किसी ऐसे अभ्यर्थी पर विचार कर सकेगी, जो इस धारा में विहित अर्हताएं नहीं रखता है, परंतु जिससे अन्य संस्थाओं द्वारा आयोजित परीक्षा ऐसे स्तर से उत्तीर्ण की हो जो समिति की राय में अभ्यर्थी के चयन के लिए विचार किए जाने को न्यायोचित ठहराती हो।

(तीन) **फीस.**– अभ्यर्थी को नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा विहित फीस (शुल्क) का भुगतान करना होगा।

9. **निरर्हता.**–

(1) अभ्यर्थी की ओर से अपनी अभ्यर्थिता के लिए किसी भी साधन से समर्थन प्राप्त करने के किसी भी प्रयास की दशा में उसे परीक्षा में प्रवेश के लिए नियुक्ति प्राधिकारी/बोर्ड/आयोग द्वारा निरर्हित ठहराया जा सकेगा।

(2) कोई अभ्यर्थी जिसने विवाह के लिए विहित न्यूनतम आयु से पूर्व विवाह किया हो, वह किसी सेवा या पद पर नियुक्ति के लिए निरर्ह होगाः

परन्तु कोई अभ्यर्थी जिसकी पहले से एक जीवित संतान है तथा आगामी प्रसव 26 जनवरी, 2001 को या उसके पश्चात् हुआ हो, जिसमें दो या दो से अधिक बच्चों का जन्म होता है, सेवा या पद पर नियुक्ति के लिए निरर्ह नहीं होगा।

(3) कोई भी अभ्यर्थी जिसे महिलाओं के विरूद्ध किसी अरोप का दोष सिद्ध ठहराया गया हो, सेवा के लिए निरर्ह होगाः

परन्तु जहां किसी अभ्यर्थी के विरूद्ध मामला न्यायालय में लंबित है वहां उसकी नियुक्ति का मामला आपराधिक मामले के अंतिम विनिश्चिय तक लंबित रखा जाएगा।

(4) कोई अभ्यर्थी जिसकी एक से अधिक जीवित पत्नियाँ हों और कोई महिला अभ्यर्थी जिसने ऐसे व्यक्ति से विवाह किया है, जिसकी पहले से ही जीवित पत्नि हो, सेवा के लिए निरर्ह होगाः

परन्तु सरकार यदि संतुष्ट हो कि ऐसा करने के लिए विशेष आधार हैं तो ऐसे किसी अभ्यर्थी को इन नियमों के प्रर्वतन से छूट दे सकेगी।

10. **पात्रता के संबंध में नियुक्ति प्राधिकारी का विनिश्चय अंतिम होगा.**– परीक्षा/चयन में, प्रवेश के लिए किसी अभ्यर्थी की पात्रता या अन्यथा के संबंध में नियुक्ति प्राधिकारी का विनिश्चिय अंतिम होगा और ऐसे किसी भी अभ्यर्थी को जिसे प्रवेश प्रमाण–पत्र जारी नहीं किया गया है परीक्षा के लिए अनुज्ञात नहीं किया जाएगा।

11. **प्रतियोगिता परीक्षा द्वारा सीधी भर्ती.**–

(1) सेवा में भर्ती के लिए प्रतियोगिता परीक्षा ऐसे अंतरालों से आयोजित की जाएगी जैसा की नियुक्ति प्राधिकारी, समिति के परामर्श से, समय–समय पर अवधारित करे तथा परीक्षा सरकार द्वारा जारी आदेशों के अनुसार आयोजित की जाएगी।

(2) परीक्षा समय–समय पर जारी आदेशों के अनुसार चयन समिति द्वारा आयोजित की जाएगी।

(3) मध्यप्रदेश लोक सेवा (अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण) नियम, 1998 में अंतर्विष्ट उपबंधों के अनुसार सीधी भर्ती के के लिए अनुसूचित जातियों के लिए 16 प्रतिशत पद, अनुसूचित जनजातियों के लिए 20 प्रतिशत पद एवं अन्य पिछड़े वर्गों के अभ्यर्थियों के लिए 27 प्रतिश्त पद आरक्षित रखे जाएंगे। उक्त आरक्षित पदों में 10 प्रतिशत पद केन्द्र सरकार के संविधान (एक सौ तीनवे संशोधन) अधिनियम, 2019 के उपबंधों के अनुसार कमजोर आय वर्ग के अनारक्षित अभ्यार्थियों के लिए आरक्षित रखे जाएंगे।

(4) मध्यप्रदेश सिविल सेवा (महिलाओं की नियुक्ति के लिए विशेष उपबंध) नियम, 1997 के उपबंधों के अनुसार 33 प्रतिशत पद महिला अभ्यर्थियों के लिए आरक्षित होंगे। दिव्यांग अभ्यर्थियों के लिए आरक्षण की व्यवस्था समस्तर एवं प्रभागवार होगी।

(5) इस प्रकार आरक्षित रिक्तियों को भरते समय, उन अभ्यर्थियों जो कि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़े वर्गों के सदस्य हैं, पर नियुक्ति के लिए विचार उसी क्रम से किया जाएगा जिस क्रम से उनके नाम नियम, 12 में विनिर्दिष्ट सूची में आए हों, चाहे अन्य अभ्यर्थियों की तुलना में उनका सापेक्षिक रैंक कुछ भी क्यों न हो।

(6) अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा अन्य पिछड़े वर्ग के उन अभ्यर्थियों को, जिन्हें प्रशासन में दक्षता बनाए रखने का सम्यक् ध्यान रखते हुए बोर्ड/आयोग द्वारा सेवा में नियुक्ति के लिए चयनित किया गया हो, उप–नियम (3) के अधीन यथास्थिति अनुसूचित जातियों अनुसूचित जनजातियों तथा अन्य पिछड़े वर्गों के अभ्यर्थियों के लिए आरक्षित रिक्तियों पर नियुक्त किया जा सकेगा।

(7) ऐसे मामलों में, जहां सीधी भर्ती द्वारा भरे जाने वाले पदों के लिए कतिपय कालावधि का अनुभव आवश्यक शर्तों के रूप में विहित किया गया हो और नियुक्ति प्राधिकारी की राय में यह पाया जाए, कि अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा अन्य पिछड़े वर्गों के अभ्यर्थियों की पर्याप्त संख्या उपलब्ध होने की संभावना नहीं है, वहां नियुक्ति प्राधिकारी, अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा अन्य पिछड़े वर्गों के अभ्यर्थियों के लिए अनुभव की शर्तें शिथिल कर सकेगा।

(8) सामान्य प्रशासन विभाग, मध्यप्रदेश शासन के परिपत्र दिनांक 25 जुलाई, 2018 के अनुसार भर्ती किए जाने वाले पदों के 20 प्रतिशत पद संविदा पर नियुक्त अधिकारियों/कर्मचारियों के लिए आरक्षित होंगे।

(9) सामान्य प्रशासन विभाग, मध्यप्रदेश शासन के पत्र दिनांक 02 सितम्बर, 2021 के अनुसार 27 प्रतिशत पद अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित होंगे।

12. **चयन समिति द्वारा अनुशंसित अभ्यर्थियों की सूची.–**

(1) नियुक्ति प्राधिकारी उन अभ्यर्थियों की योग्यता के क्रम में व्यवस्थित एक सूची, जो ऐसे स्तर से अर्हित हों, जैसा कि नियुक्ति प्राधिकारी अवधारित करे तथा अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा अन्य पिछड़े वर्गों के उन अभ्यर्थियों की सूची, जो यद्यपि उस स्तर में अर्हित नहीं हैं फिर भी प्रशासन में दक्षता बनाए रखने का सम्यक् ध्यान रखते हुए नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा सेवा में नियुक्ति के लिए उपयुक्त घोषित किए गए हैं, शासन को अग्रेषित करेगा। सूची को सर्वसाधारण की जानकारी के लिए प्रकाशित भी किया जाएगा।

(2) इन नियमों तथा मध्यप्रदेश सिविल सेवा (सेवा की सामान्य शर्तें) नियम, 1961 के उपबंधों के अध्यधीन रहते हुए, उपलब्ध रिक्तियों पर अभ्यर्थियों की नियुक्ति के लिए विचार उसी क्रम में किया जाएगा, जिसमें कि उनके नाम सूची में आए हैं।

(3) चयन सूची में किसी अभ्यर्थी का नाम सम्मिलित किया जाना उसे तब तक नियुक्ति का कोई अधिकार प्रदान नहीं करता, जब तक कि सरकार का ऐसी जांच करने के पश्चात्, जैसा कि वह आवश्यक समझे, यह समाधान नहीं हो जाता कि अभ्यर्थी सेवा में नियुक्ति के लिए सभी प्रकार से उपयुक्त है।

(4) चयन सूची की विधिमान्यता की अवधि नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा उसके जारी किए जाने की तारीख से एक वर्ष तक के लिए रहेगी और उसे चयन समिति/नियुक्ति प्राधिकारी के परामर्श पश्चात् 6 माह की अवधि के लिए बढ़ाया जा सकेगा।

13. **परिवीक्षा.**– सीधी भर्ती द्वारा सेवा में चयनित प्रत्येक अभ्यर्थी तीन वर्ष की कालावधि के लिए परिवीक्षा पर नियुक्त किया जाएगा। इस कालावधि के दौरान प्रथम वर्ष के लिए पद के न्यूनतम वेतनमान की 70% द्वितीय वर्ष के लिए 80% एवं तृतीय वर्ष के लिए 90% राशि वेतन के रूप में देय होगी। वेतनमान में वेतन परिवीक्षा अवधि सफलतापूर्वक पूर्ण करने के पश्चात् प्रारंभ किया जाएगा।

14. **पदोन्नति द्वारा नियुक्ति.**–

(1) पात्र अभ्यर्थियों की पदोन्नति हेतु प्रारंभिक चयन करने के लिए एक समिति गठित की जाएगी, जिसमें अनुसूची–चार में उल्लिखित सदस्य होंगे, किन्तु छानबीन/पदोन्नति समिति के पीठासीन अधिकारी के अलावा यदि कोई अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति का प्रतिनिधित्व नहीं करता है, तो ऐसे प्रवर्ग के समकक्ष संवर्ग का कोई अन्य अधिकारी विभागीय पदोन्नति समिति में सम्मिलित किया जाएगा और समिति की सदस्य संख्या उस सीमा तक बढ़ाई जाएगी।

(2) समिति सामान्यतः एक वर्ष से अनधिक के ऐसे अंतरालों से अपनी बैठक करेगी।

(3) पदोन्नति में आरक्षण तथा अध्ययन क्षेत्र के विस्तार की सीमा सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा समय–समय पर जारी नियमों, निर्देशों के अनुसार होगी।

15. **पदोन्नति/स्थानांतरण के लिए पात्रता की शर्तें.**–

समिति, उन सभी व्यक्तियों के मामलों पर विचार करेगी, जिन्होंने उस वर्ष की 1 जनवरी को, उन पदों पर, जिनसे की पदोन्नति की जानी है, अनुसूची–चार में यथा विनिर्दिष्ट उतने वर्षों की सेवा (चाहे स्थानापन्न या मूल रूप से) पूर्ण कर ली हो और जो विचारण क्षेत्र में आते हों:

परन्तु इस नियम के अधीन उनके निर्धारित सेवा की अवधि पूर्ण करने के आधार पर किसी कनिष्ठ व्यक्ति पर चयन श्रेणी/पदोन्नति के लिए उससे वरिष्ठ व्यक्ति से पहले विचार नहीं किया जाएगा।

16. **उपयुक्त अभ्यर्थियों की सूची तैयार करना.**–

(1) समिति ऐसे व्यक्तियों की एक सूची तैयार करेगी जो उपरोक्त नियम 15 में विहित शर्तों को पूरा करते हों तथा जिन्हें समिति द्वारा सेवा में पदोन्नति/स्थानान्तरण के लिए उपयुक्त ठहराया गया हो। चयन सूची तैयार किए जाने की तारीख से एक वर्ष के दौरान सेवानिवृत्ति तथा पदोन्नति के कारण होने वाली प्रत्याशित रिक्तियों को भरने के लिए अनपेक्षित रिक्तियों को

पूरा करने के लिए सम्मिलित व्यक्तियों की संख्या के 25 प्रतिशत व्यक्तियों से मिल कर बनने वाली एक आरक्षित सूची भी तैयार की जाएगी।

(2) चतुर्थ श्रेणी से तृतीय श्रेणी पर तथा द्वितीय श्रेणी से तृतीय श्रेणी पर पदोन्नति के लिए व्यक्तियों की चयन सूची तैयार करने के लिए मानदंड ज्येष्ठता–सह–उपयुक्तता (सीनियरिटी सब्जेक्ट टू फिटनेस) होगा।

(3) चयन सूची में सम्मिलित किए गए अभ्यर्थियों के नाम, ऐसी चयन सूची तैयार किए जाने के समय अनुसूची–चार में यथा विनिर्दिष्ट सेवा या पदों में ज्येष्ठता के क्रम में रखे जाएंगे।

स्पष्टीकरणः– कोई व्यक्ति जिसका नाम चयन सूची में सम्मिलित किया गया हो, किन्तु जो सूची की विधिमान्यता के दौरान पदोन्नत न किया गया हो, उसका केवल उसके पूर्वतर चयन के तथ्य से ही, उन व्यक्तियों के ऊपर, जिन पर पश्चात्वर्ती चयन में विचार किया गया है, ज्येष्ठता का कोई दावा नहीं होगा।

(4) इस प्रकार तैयार की गयी चयन सूची का प्रतिवर्ष पुनर्विलोकन तथा पुनरीक्षण किया जाएगा।

(5) यदि चयन पुनर्विलोकन या पुनरीक्षण की प्रक्रिया में, सेवा के किसी सदस्य को अधिक्रमित किया जाना प्रस्तावित है, तो समिति प्रस्तावित अधिक्रमण के लिए अपने कारणों को अभिलिखित करेगी।

17. **चयन सूची.–**

(1) यदि नियुक्ति प्राधिकारी, समिति से प्राप्त अन्य दस्तावेजों के साथ समिति द्वारा तैयार की गई सूची पर विचार करेगा और जब तक कि वह कोई परिवर्तन आवश्यक न समझे, सूची को अनुमोदित करेगा।

(2) यदि नियुक्ति प्राधिकारी समिति से प्राप्त सूची में कोई परिवर्तन करना आवश्यक समझता है, तो वह प्रस्तावित परिवर्तन के बारे में समिति को सूचित करेगा तथा समिति की टिप्पणियों आदि, कोई हों, पर विचार करने के पश्चात् ऐसे उपांतरण, यदि कोई हों, करने के पश्चात् सूची को अंतिम रूप प्रदान तथा अनुमोदित करेगा, जो उसकी राय में न्यायपूर्ण तथा उचित हों।

(3) नियुक्ति प्राधिकारी/सरकार द्वारा अंतिम रूप से अनुमोदित की गई सूची अनुसूची–चार में यथादर्शित सेवा के सदस्यों की पदोन्नति के लिए चयन सूची होगी।

(4) चयन सूची सामान्यतः नियम 16 के उप–नियम (4) के अनुसार उसका पुनर्विलोकन या पुनरीक्षण नहीं कर लिए जाने तक प्रवृत्त रहेगी किन्तु उसकी विधिमान्यता उसके तैयार किए जाने की तारीख से 18 मास की कुल कालावधि के परे नहीं बढ़ाई जाएगी।

18. **चयन सूची से सेवा में नियुक्ति.–**

(1) चयन सूची में सम्मिलित कर्मचारियों की सेवा संवर्ग पदों पर नियुक्तियां उसी क्रम में की जाएंगी जिस क्रम में ऐसे कर्मचारियों के नाम चयन सूची में आए हों:

परन्तु जहां प्रशासनिक आवश्यकता के कारण ऐसा करना अपेक्षित हो, वहां किसी ऐसे व्यक्ति को, जिसका नाम चयन सूची में सम्मिलित नहीं किया गया है, सेवा में नियुक्त किया जा सकेगा, यदि सरकार का वह समाधान हो जाए कि रिक्ति संभवतः तीन मास से अधिक अवधि के लिए संभाव्य नहीं है।

(2) साधारणतः किसी व्यक्ति जिसका नाम सेवा की चयन सूची में सम्मिलित है, की सेवा में उसकी नियुक्ति के पूर्व विभागीय पदोन्नति समिति से परामर्श करना तब तक आवश्यक नहीं होगा, जब तक कि चयन सूची में उसका नाम सम्मिलित किए जाने तक तथा प्रस्तावित नियुक्ति की तारीख के बीच की कालावधि के दौरान उसके कार्य में कोई गिरावट न आ गई हो जो नियुक्ति प्राधिकारी की राय में ऐसी हो जो उसे सेवा में नियुक्ति के लिए अनुपयुक्त बनाती हो।

19. **निर्वचन.**– यदि इन नियमों के निर्वचन के संबंध में कोई प्रश्न उद्भूत हो, तो वह आयुक्त/संचालक, पुरातत्व, अभिलेखागार एवं संग्रहालय विभाग के माध्यम से सरकार को निर्दिष्ट किया जाएगा, जिस पर उसका विनिश्चय अंतिम होगा।

20. **शिथिलीकरण.**– इन नियमों की किसी भी बात का यह अर्थ नहीं लगाया जाएगा कि वह ऐसे व्यक्ति के संबंध में, जिसे कि ये नियम लागू होते हैं, ऐसी रीति से, जो कि उन्हें उचित और साम्यापूर्ण प्रतीत हो, कार्यवाही करने की राज्यपाल की शक्ति को सीमित या कम करती है:

परन्तु कोई मामला ऐसी रीति से नहीं निपटाया जाएगा, जो कि इन नियमों में उपबंधित रीति की अपेक्षा उसके लिए कम अनुकूल हो।

21. **निरसन तथा व्यावृत्ति.**– इन नियमों के तत्स्थानी और इसके प्रारंभ होने के ठीक पूर्व प्रवृत्त समस्त नियम इन नियमों के अंतर्गत आने वाले विषयों के संबंध में, एतद्द्वारा निरसित किए जाते हैं:

परन्तु इस प्रकार निरसित नियमों के अधीन किया गया कोई आदेश या की गई कोई काईवाई इन नियमों के तत्स्थानी उपबंधों के अधीन किया गया आदेश या की गई काईवाई समझी जाएगी।

अनुसूची–एक
(नियम 5 में देखिए)
सेवा का वर्गीकरण, वेतनमान और सेवा में सम्मिलित पदों की संख्या

विभाग का नाम	अनुक्रमांक	सेवा में सम्मिलित पदों के नाम	पदों की संख्या	वर्गीकरण	वेतनमान	अभ्युक्तियां
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
अनुभाग (क) पुरातत्व एवं संग्रहालय	1.	अधीक्षक	1	तृतीय–श्रेणी (लिपिक वर्गीय)	42700–135100(एल–10)	मध्यप्रदेश शासन, वित्त विभाग (राज्य वेतन आयोग) के परिपत्र दिनांक 7–6–2018 के अनुक्रमांक 2 सारणी 17 अनुसार।
	2.	सहायक अधीक्षक	2	–तदैव–	36200–114800(एल–9)	–तदैव–
	3.	शीघ्रलेखक	1	–तदैव–	28700–91300(एल–7)	100 शब्द प्रति मिनिट की गति के साथ अंग्रेजी/हिन्दी शीघ्रलेखन परीक्षा तथा अंग्रेजी/हिन्दी टायपिंग 30 शब्द प्रति मिनिट उत्तीर्ण होना चाहिए।
	4.	सहायक ग्रेड–एक (2) मुख्य लिपिक (2)	4	–तदैव–	28700–91300(एल–7)	–
	5.	लेखापाल	5	–तदैव–	28700–91300(एल–7)	मध्यप्रदेश शासन वित्त विभाग के आदेश दिनांक 17.07.2017 के अनुक्रमांक 3 के अनुसार लेखा प्रशिक्षण स्कूल, मध्यप्रदेश शासन द्वारा लेखा परीक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए।
	6.	ऑडीटर	1	–तदैव–	28700–91300(एल–7)	–तदैव–
	7.	सहायक ग्रेड–दो	28	–तदैव–	25300–80500(एल–6)	

	8. 9. 10.	*स्टेनोटायपिस्ट सहायक ग्रेड–तीन *कम्प्यूटर ऑपरेटर	7 40 } 49 2	–तदैव–	19500–62000(एल–4) 19500–62000(एल–4) 19500–62000(एल–4)	* – *
अनुभाग (ख) अभिलेखागार	1.	सहायक अधीक्षक	1	–तदैव–	32800–103600(एल–8)	ब्रम्हस्वरूप समिति की अनुशंसा के प्रकाश में सामान्य प्रशासन विभाग के अनुमोदन के अनुसार सहायक ग्रेड–1 का वेतनमान 4500–7000 है सहायक ग्रेड–एक का वेतनमान 5000–150–8000 से सहायक अधीक्षक के पद पर पदोनत होने की दशा में लागू है।
	2.	सहायक ग्रेड–एक	2	–तदैव–	28700–91300(एल–7)	–
	3.	स्टेनोग्राफर	1	–तदैव–	28700–91300(एल–7)	–
	4.	लेखापाल	1	–तदैव–	28700–91300(एल–7)	वित्त विभाग के आदेश दिनांक 19.07.2017 के अनुक्रमांक 3 के अनुसार अभ्यर्थी को लेखा प्रशिक्षण स्कूल, मध्यप्रदेश शासन द्वारा मान्यताप्राप्त लेखा परीक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए।
	5.	सहायक ग्रेड–दो	4	–तदैव–	25300–80500(एल–6)	–
	6.	सहायक ग्रेड–तीन	5	–तदैव–	19500–62000(एल–4)	–

* वित्त विभाग के परिपत्र क्रं. एफ–8–6/2015/नियम/4, दिनांक 19.07.2017 के अनुसार समान वेतनमान वाले स्टेनोटायपिस्ट के 7 पद तथा कम्प्यूटर ऑपरेटर के 2 पदों को सहायक ग्रेड–तीन के पदों में एकीकृत किया गया है। स्टेनोग्राफर पद में पदोन्नत के लिए उपबंध, अनुसूची–चार में रखा गया है; भविष्य में, इन पदों को स्टेनो–टायपिस्ट से भरे जाएंगे।

अनुसूची–दो
(नियम 6 देखिए)
भर्ती का तरीका

विभाग का नाम	सेवा का नाम	पदों की कुल संख्या	भरे जाने वाले पदों की संख्या का प्रतिशत			अभियुक्ति
			सीधी भर्ती द्वारा [नियम 6 (क) देखिए]	सेवा के सदस्यों की पदोन्नति द्वारा [नियम 6 (ख) देखिए]	अन्य सेवा से स्थानांतरण द्वारा (नियम 6 (ग) देखिए)	
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
लिपिकवर्गीय तृतीय–श्रेणी						
अनुभाग (क) पुरातत्व एवं संग्रहालय	1. अधीक्षक	1	–	100%	–	–
	2. सहायक अधीक्षक	2	–	100%	–	–
	3. शीघ्रलेखक (स्टेनोग्राफर)	1	75%	25%	–	–
	4. सहायक ग्रेड–एक (2)/ मुख्य लिपिक (2)	4	-	100%	–	–
	5. लेखापाल	5	-	100%	–	लेखा प्रशिक्षण स्कूल, मध्यप्रदेश शासन द्वारा मान्यताप्राप्त लेखा परीक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए।
	6. आडीटर	1	-	100%	–	तदैवा
	7.सहायक ग्रेड–दो	28	-	100%	–	–
	*8.स्टेनो टायपिस्ट 9.सहायक ग्रेड–तीन *10.कम्प्यूटर ऑपरेटर	7 40 2 } 49	75%	25%	* *	उन चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की पदोन्नति हेतु जिन्होने 10+2 शिक्षा प्रणाली से हायर सेकेण्ड्री परीक्षा

						उत्तीर्ण की हो तथा कम से कम 5 वर्ष की नियमित सेवा पूर्ण कर ली हो।
अनुभाग (ख) अभिलेखागार	1.सहायक अधीक्षक	1	-	100%	–	–
	2.सहायक ग्रेड–एक	2	-	100%	–	–
	3.शीघ्रलेखक (स्टेनोग्राफर)	1	75%	25%	–	
	4.लेखापाल	1	-	100%	–	लेखा प्रशिक्षण स्कूल, मध्यप्रदेश शासन द्वारा मान्यताप्राप्त लेखा परीक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए।
	5. सहायक ग्रेड–दो	4	-	100%	–	–
	6.सहायक ग्रेड–तीन	5	75%	25%		सहायक ग्रेड–तीन के 25% पद उन चतुर्थ–श्रेणी कर्मचारियों से भरे जाएंगे, जिन्होने 10+2 शिक्षा प्रणाली से हाई स्कूल परीक्षा उत्तीर्ण की हो तथा कम से कम 5 वर्ष की नियमित सेवा पूर्ण कर ली हो।

अनुसूची–तीन
(नियम–8 देखिए)
सीधी भर्ती के लिए आयु तथा अर्हताएं

विभाग का नाम	सेवा में पद का नाम	न्यूनतम आयु सीमा	अधिकतम आयु सीमा	विहित शैक्षणिक अर्हताएं
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
भाग (क) पुरातत्व एवं संग्रहालय	लिपिकवर्गीय सेवा 1. शीघ्रलेखक	18 वर्ष	40 वर्ष	1. किसी मान्यताप्राप्त संस्था अथवा माध्यमिक शिक्षा मण्डल, मध्यप्रदेश से 10+2 प्रणाली में हायर सेकेण्डरी परीक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए। 2. मान्यताप्राप्त संगठन/परिषद् से 100 शब्द प्रतिमिनिट की गति से शार्टहैण्ड उत्तीर्ण होने का प्रमाण पत्र। 3. 25 शब्द प्रतिमिनिट की गति के साथ सूचना प्रौद्योगिकी (CPCT) कम्प्यूटर टाईपिंग दक्षता प्रमाण पत्र। 4. निम्नलिखित मान्यताप्राप्त संस्थाओं में से किसी एक से कम्प्यूटर डिप्लोमा/सर्टिफिकेट परीक्षा उत्तीर्ण करना अनिवार्य है :– (1) किसी भी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से यू.जी.सी. डिप्लोमा। (2) किसी भी मान्यताप्राप्त मुक्त विश्वविद्यालय से यू.जी. सी. डिप्लोमा। (3) शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय से मॉर्डन ऑफिस मैनेजमेंट कोर्स। (4) शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान से कम्प्यूटर ऑपरेटर एवं प्रोग्रामिंग असिस्टेंट" (COPA) प्रमाण पत्र।
	2. सहायक ग्रेड–3 (स्टेनोटायपिस्ट एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर के पद एकीकृत होने से एवं समान कार्य एवं समान वेतनमान होने से भविष्य में सहायक ग्रेड–3 के पद पर पदपूर्ति की जाएंगी।)	18	40	1. किसी मान्यताप्राप्त संस्था से अथवा माध्यमिक शिक्षा मण्डल, मध्यप्रदेश से 10+2 प्रणाली में हायर सेकेण्डरी परीक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए। 2. 25 शब्द प्रतिमिनिट की गति के साथ सूचना प्रौद्योगिकी (CPCT) कम्प्यूटर टाईपिंग दक्षता प्रमाण पत्र। 3. निम्नलिखित मान्यताप्राप्त संस्थाओं में से किसी एक से कम्प्यूटर डिप्लोमा/सर्टिफिकेट परीक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए:– (1) किसी भी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से यू.जी.सी. डिप्लोमा। (2) किसी भी मान्यताप्राप्त मुक्त विश्वविद्यालय से यू.जी. सी. डिप्लोमा। (3) शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय से मॉर्डन ऑफिस मैनेजमेंट कोर्स। (4) शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान से कम्प्यूटर ऑपरेटर एवं प्रोग्रामिंग असिस्टेंट" (COPA) प्रमाण पत्र।

भाग (ख) अभिलेखागार अनुभाग	1. शीघ्रलेखक	18	40	1. किसी मान्यताप्राप्त संस्था से अथवा माध्यमिक शिक्षा मण्डल, मध्यप्रदेश से 10+2 प्रणाली में हायर सेकेण्डरी परीक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए। 2. मान्यताप्राप्त संगठन/परिषद् से 100 शब्द प्रतिमिनिट की गति से शार्टहैण्ड उत्तीर्ण होने का प्रमाण पत्र। 3. 25 शब्द प्रतिमिनिट की गति के साथ सूचना प्रौद्योगिकी (CPCT) कम्प्यूटर टाईपिंग दक्षता प्रमाण पत्र। 4. निम्नलिखित मान्यताप्राप्त संस्थाओं में से किसी एक से कम्प्यूटर डिप्लोमा/सर्टिफिकेट परीक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए:– (एक) किसी भी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से यू.जी.सी. डिप्लोमा। (दो) किसी भी मान्यताप्राप्त मुक्त विश्वविद्यालय से यू.जी. सी. डिप्लोमा। (तीन) शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय से मॉर्डन ऑफिस मैनेजमेंट कोर्स। (चार) शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान से कम्प्यूटर ऑपरेटर एवं प्रोग्रामिंग असिस्टेंट" (COPA) प्रमाण पत्र।
	2.सहायक ग्रेड–3	18	40	1. किसी मान्यताप्राप्त संस्था से अथवा माध्यमिक शिक्षा मण्डल, मध्यप्रदेश से 10+2 प्रणाली में हायर सेकेण्डरी परीक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए। 2. 25 शब्द प्रतिमिनिट की गति के साथ सूचना प्रौद्योगिकी (CPCT) कम्प्यूटर टाईपिंग दक्षता प्रमाण पत्र। 3. निम्नलिखित मान्यताप्राप्त संस्थाओं में से किसी एक से कम्प्यूटर डिप्लोमा/सर्टिफिकेट परीक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए:– (एक) किसी भी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से यू.जी.सी. डिप्लोमा। (दो) किसी भी मान्यताप्राप्त मुक्त विश्वविद्यालय से यू.जी. सी. डिप्लोमा। (तीन) शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय से मॉर्डन ऑफिस मैनेजमेंट कोर्स। (चार) शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान से कम्प्यूटर ऑपरेटर एवं प्रोग्रामिंग असिस्टेंट" (COPA) प्रमाण पत्र।

अनुसूची–चार
(नियम 14 देखिए)
पदोन्नति द्वारा नियुक्ति

विभाग का नाम	उस पद का नाम जिससे पदोन्नति की जानी है	उस पद का नाम जिस पर पदोन्नति की जानी है	पदोन्नति हेतु न्यूनतम सेवा	विभागीय पदोन्नति समिति के सदस्य	अभ्युक्तियां
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
			पुरातत्व एवं संग्रहालय		
(क) पुरातत्व अनुभाग एवं संग्रहालय	1.सहायक अधीक्षक	अधीक्षक	5 वर्ष	(1) संचालक/आयुक्त पुरातत्व, अभिलेखागार एवं संग्रहालय – अध्यक्ष (2) संयुक्त संचालक– सदस्य (3) उपसंचालक – सदस्य/संयोजक (4) आयुक्त/संचालक द्वारा नामनिर्दिष्ट क्षेत्रीय कार्यालय का सदस्य अधिकारी– सदस्य (5) आरक्षित श्रेणी का एक सदस्य– सदस्य	–"–
	2. सहायक ग्रेड–एक, मुख्य लिपिक, लेखापाल, आडीटर	सहायक अधीक्षक	5 वर्ष	–तदैव–	–"–
	3. सहायक ग्रेड–दो	सहायक ग्रेड–एक/मुख्य लिपिक /लेखापाल /आडीटर	5 वर्ष	–तदैव–	लेखापाल एवं आडीटर के पद पर पदोन्नति हेतु लेखा परीक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए।
	4. सहायक ग्रेड–तीन /कम्प्यूटर ऑपरेटर	सहायक ग्रेड–दो	5 वर्ष	–तदैव–	–तदैव–
	5. स्टेनो टायपिस्ट (वर्तमान में कार्यरत)	स्टेनोग्राफर	5 वर्ष	–तदैव–	वित्त विभाग के परिपत्र क्र. एफ8–6/2015/नियम/चार दिनांक 19.7.2017 के स.क्र.2 के अनुसार यदि स्टेनोग्राफर के लिए अपेक्षित 100 शब्द प्रतिमिनिट की गति की पूर्ति होने पर स्टेनोग्राफर के पद पर पदोन्नति दी जाएंगी। यदि अपेक्षित योग्यता पूरी नहीं होती है तो वह सहायक ग्रेड–दो पर पदोन्नत होगा।
	6. दफ्तरी/हेड केयर टेकर/भृत्य/चौकीदार /केयर टेकर	सहायक ग्रेड–तीन	5 वर्ष	–तदैव–	चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की पदोन्नति हेतु 10+2 शिक्षा प्रणाली से हायर सेकेण्ड्री परीक्षा उत्तीर्ण की हो तथा कम से कम 5 वर्ष की नियमित सेवा पूर्ण कर ली हो।

अनुभाग (ख) अभिलेखागार	1.सहायक ग्रेड–1 /लेखापाल	सहायक अधीक्षक	5 वर्ष का अनुभव	1. आयुक्त/संचालक पुरातत्व, अभिलेखागार एवं संग्रहालय–अध्यक्ष 2. उप संचालक, अभिलेखागार–सदस्य 3. पुरालेख अधिकारी (संयोजक सदस्य) –सदस्य 4. आयुक्त/संचालक द्वारा नाम– निर्दिष्ट कोई अधिकारी – सदस्य 5. आरक्षित वर्ग का एक अधिकारी– सदस्य	–
	2. सहायक ग्रेड–2	सहायक ग्रेड–1/ लेखापाल	5 वर्ष	–	लेखापाल के पद पर पदोन्नति के लिए लेखा परीक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए।
	3. सहायक ग्रेड–3	सहायक ग्रेड–2	5 वर्ष	–	–
	4दफ्तरी/मेण्डर/भृत्य/लिफ्टर	सहायक ग्रेड–3	5 वर्ष	–	हायर सेकेण्ड्री परीक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए।

टीपः–

1. वर्तमान में 07 स्टेनोटायपिस्ट के पद स्वीकृत हैं। अब इन पदों को समान वेतनमान वाले पद सहायक ग्रेड–3 के पद पर वित्त विभाग के परिपत्र क्रं. एफ 8–6/2015/नियम/चार भोपाल, दिनांक 19.07.2017 द्वारा प्रतिस्थापित किया गया है। वर्तमान में जो स्टेनोटायपिस्ट कार्यरत् हैं, वे यथावत् रहेंगे, उनके पदत्याग अथवा सेवानिवृत्त होने के पश्चात् यह पद स्वमेव ही सहायक ग्रेड–3 के पद में समाहित माने जावेंगे एवं भविष्य में स्टेनोटायपिस्ट पदनाम से पूर्ति नहीं की जावेगी।

2. अनुसूची–दो में उल्लेखित सीधी भर्ती या पदोन्नति वाले पदों के रिक्त होने की स्थिति में कार्यालयीन व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित रहे इस उद्देश्य से इन पदों की पूर्ति होने तक की अवधि के लिये प्रतिनियुक्ति या आउटसोर्स के माध्यम से पदपूर्ति की जा सकेगी।

3. अध्यक्ष के अतिरिक्त जिन पदाधिकारियों को चयन समिति/छानबीन समिति सदस्य के रूप में नाम निर्देशित किया गया है. यदि उनमें अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति अथवा अन्य पिछड़े वर्ग के सदस्य के रूप में यदि कोई अधिकारी नहीं है, तो ऐसे प्रवर्गों के समकक्ष संवर्ग सेवा के किसी एक अधिकारी को चयन समिति में नाम निर्देशित किया जाए और चयन समिति की सदस्य संख्या उस सीमा तक बढ़ाई जाए। यह कार्यवाही संबंधित स्थापना द्वारा की जाएगी तथा इसका अनुमोदन एक स्तर ऊपर के अधिकारी से कराया जाएगा।

सामान्य प्रशासन विभाग के ज्ञाप क्र. सी–3–8/2016/1/3, दिनांक 04 जुलाई 2019 के अनुसार अधिकतम आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट रहेगी या समय–समय पर जारी निर्देश लागू होंगें।

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
सुनील दुबे, उपसचिव.

Bhopal, the 22nd August 2024

S.No. F 01-18/2015/30:: In exercise of the powers conferred by the provision to Article 309 of the Constitution of India and in supersession of this Department's Notification No. F.1-27-95-C-XXX Dated 30th April 1999, the Governor of Madhya Pradesh, hereby, makes the following rules relating to the recruitment and conditions of service of the members of the Archaeology, Archives and Museums Class III (Non-Gazetted) Clerical Service, namely :-

RULE

1. **Short title and commencement-**

(1) These rules may be called the Madhya Pradesh Archaeology, Archives and Museums Class-III (Non-Gazetted) Clerical Service Recruitment Rules, 2024.

(2) They shall come into force from the date of their publication in Madhya Pradesh Gazette.

2. **Definitions:-** In these rules, unless the context otherwise requires,-

(a) "Appointing Authority" in respect of the service or a post means the Commissioner/ Director of Archaeology, Archives and Museums;

(b) "Commissioner" means the Commissioner of Archaeology, Archives and Museums Madhya Pradesh;

(c) "Director " means the Director of Archaeology, Archives and Museums Madhya Pradesh;

(d) "Economically weaker Section"(E.W.S.) means a citizen who does not comes under any reserved category such as Scheduled Castes and Scheduled Tribes as per the Circular of General Administration Departmentbearing No. F-07-11/2019/आ.प्र./one, dated 2nd July, 2019;

(e) "Examination" means a competitive examination conducted for recruitment under rule 11;

(f) "Ex-Serviceman" means a person who belongs to any of the following categories and was employed under the Government of India for a continuous period of not less than six months and who was retrenched or declared surplus as a result of the recommendation of the economy unit or due to normal reduction in establishment not more than 3 years before the date of his registration at any employment exchange or of application made otherwise for employment in Government Service.

(1) ex-serviceman released under mustering out concession;

(2) ex-serviceman who was employed for more than six months continuously in army of country and not released due to any misconduct;

(3) ex-serviceman enrolled for the second time and discharged on;

(a) completion of short term engagement;

(b) fulfilling the conditions of enrolment;

(4) ex-personnel of Madras Civil Units;

(5) officer discharged after working for more than six months continuously against leave vacancies;

(6) ex-serviceman who are medically boarded out on account of gunshot, wounds etc. or they are unlikely to become efficient soldiers;

(g) "Government" means the Government of Madhya Pradesh;

(h) "Governor" means the Governor of Madhya Pradesh;

(i) "Other Backward Classes" means the Other Backward Classes of citizens as specified by the State Government vide Notification F-8-5-XXV-4-84, dated 26th December, 1984, as amended from time to time;

(j) "Retrenched Government Servant" means a person who was in a temporary Government Service of this State or of any of constituent units, for a continuous period of not less than six months and who was discharged because of reduction in establishment not more than 3 years prior to the date of his registration at the employment exchange or an application made otherwise for employment in Government Service;

(k) "Schedule" means Schedules appended to these rules;

(l) "Scheduled Castes" means any caste, race or tribe or part of or group within caste, race or tribe specified as Scheduled Castes with respect to the State of Madhya Pradesh under article 341 of the Constitution of India;

(m) "Scheduled Tribes" means any tribe or tribal community or part of or group within tribe or tribal community specified as Scheduled Tribes with respect to the State of Madhya Pradesh under article 342 of the Constitution of India;

(n) "Selection Committee" means the Selection Committee as approved by the State Government;

(o) "Service" means the Madhya Pradesh Archaeology, Archives and Museums, Class-III (Non-Gazetted) Clerical Service;

(p) "State" means the State of Madhya Pradesh.

3. **Scope and application.**- Without prejudice to the generality of the provisions contained in the Madhya Pradesh Civil Services (General Conditions of Service) Rules, 1961 these rules shall apply to every member of the service.

4. **Constitution of the service.**- The service shall consist of the following persons,namely:-

(a) persons who at the time of commencement of these rules are holding substantively or in an officiating capacity of the postsspecified in Schedule-1;

(b) personsrecruited to the service before the commencement of these rules; and

(c) persons recruited to the service in accordance with the provisions of these rules.

5. **Classification,scale of pay etc.**-The classification of the service, the scale ofpay attached thereto and the number of posts included in the service shall be in accordance with the provisions contained in Schedule-I:

Provided that the Government may, from time to time, add to or reduce the number of posts included in the service, either on a permanent or on a temporary basis.

6. **Method of Recruitment.-**

(1) After the commencement of these rules, recruitment to the service shall be made in the following methods, namely:-

(a) by competitive examination or by direct recruitment;

(b) by promotion of the members of the service as specified in column (2) of Schedule-IV;

(c) by transfer of such persons holding such posts in such services as may be specified in this behalf.

(2) The number of persons recruited under clause (a) or clause (c) of sub-rule (1) shall not be at any time exceed the percentage as shown in Schedule-II of the number of posts as specified in Schedule-I.

(3) Subject to the provisions of these rules, the method of recruitment to be adopted for the purpose of filling any particular vacancy or vacancies in the services,as may be required to be filled during any particular period of recruitment and the number of persons to be recruited

by each method shall be determined on each occasion by the Appointing Authority in consultation withthe Government.

(4) Notwithstanding anything contained in sub-rule (1), if in the opinion of the Appointing Authority, the exigencies of the service so requires, then the Government may, with the prior concurrence of the General Administration Department, adopt such method for recruitment to the service other than those specified in the said sub-rule, which may be prescribed by the order issued in this behalf.

7. Appointment to the service.-All appointments to the service, after the commencement of these rules shall be made by the Appointing Authority and no such appointment shall be made except after selection by one of the methods of recruitment specified in rule6.

8. Conditions of eligibility for direct recruitment.-In order to be eligible for direct recruitment, a candidate must fulfill the following conditions, namely:-

(1) **Age:**-

(a) The candidate must have completed the age as specified in column (3) of Schedule-III on the first day of January next following the date of commencement of the examination/ selection and must not have completed the age as specified in column (4) of the said Schedule;

(b) If the candidate belonging to the Scheduled Castes, Scheduled Tribes and Other Backward Classes or in case of upper caste's spouses of married couples under the Inter-Caste Marriage Promotion Programme, the normal upper age limit shall be relaxable up to a maximum of 5 years;

(c) In accordancewith the provisions of rule 4 of the Madhya Pradesh Civil Services (Special Provisions for Appointment of Women) Rules, 1997, the upper age limit of female candidateshall be relaxable by 5 years;

(d) In respect of those candidates who are or have been employees of Madhya Pradesh Government, the upper age limit shall be relaxable to that extent and subject to the conditions specified below, namely:-

(i) a candidate who is a permanent Government servant shall not be more than 45 years of age;

(ii) in respect of the male and female candidates working under the Government/ Corporation/ Board/ Autonomous body and Nagar Sainik and male and female candidates belonging to reserved category and all female candidates including widow/ abandoned/ divorced, the maximum age limit shall be 45 years:

Provided that the maximum age limit for any cadre including all relaxations in any case shall not be exceed more than 45 years;

(iii) a candidate, who is a retrenched Government Servant shall be allowed to deduct from his age, the period of all temporary service previously rendered by him to a maximum limit of seven years even if it represents more than one spell provided that the resultant age does not exceed the upper age limit by more than three years.

(e) A candidate who is an ex-serviceman shall be allowed to deduct from his age the period of entire defence service previously rendered by him provided that the resulting age does not exceed the upper age limit by three years.

(f) The normal upper age limit shall be relaxable by 5 years in respect of widow, destitute or divorced female candidates.

(g) The normal upper age limit shall also be relaxed by five years in respect of upper caste spouses of couples awarded under the Inter-caste Marriage Promotion Program of the Tribal Castes, Scheduled Castes and Other Backward Classes Welfare Department.

(h) The normal upper age limit shall also be relaxable by five years in respect ofVikram Award holder candidates.

(i) In relation to those candidates who are employees of the Madhya Pradesh State Corporation/ Board, the upper age limit shall be relaxable up to 45 years,

(j) In respect of voluntary city soldiers and non-commissioned officers, the upper age limit shall be relaxable up to 8 years subject to the period of service so completed by them, but in no case their age shall exceed 40 years should be.

Note:-(1) Such candidates who have been found eligible for selection under the age related relaxations mentioned in sub-clause (i) and (ii) of clause (d) above. If they resign from the service before or after the selection after sending the application, they shall not be eligible for appointment. However, if they are retrenched from their service or post after submitting the application, they shall remain eligible for appointment.

(2) These age limits shall not be relaxed in any other case. It shall be necessary for the departmental candidates to obtain prior permission of the Appointing Authority to appear for selection on the higher post.

(2) **Educational Qualifications.**– The candidate must possess the prescribed educational qualifications for the service shown in Schedule-III:

Provided that candidates who are otherwise qualified but have taken degree from foreign universities being universities not specifically recognized by the Government also be considered for selection at the discretion of the Committee:

Provided further thatin an exceptional case, the Committee may, on the recommendation of the Appointing Authority, consider a candidate, who although, does not possess any of the qualifications prescribed in this section, but has passed the examination conducted by other institutions of suchstandard that the Committee in the opinion that justifies consideration of the candidates for selection.

(3) **Fees**.- The candidate must pay the fees prescribed by the Appointing Authority.

9. Disqualification.-

(1) Any attempt on the part of a candidate to obtain support for his candidature by any means may be held by the Appointing Authority/ Board/Commission to disqualify him from admission to the examination.

(2) Any candidate who married before minimum age limit prescribed for marriage, shall be disqualified for appointment on any post or service:

Provided that no candidate shall be disqualified for appointment to a service or post, who has already one living child and next delivery takes place on or after the 26th day of January, 2001, in which two or more than two children are born.

(3) Any candidate who was proved convict in the charge against women, shall be disqualified for service:

Provided that where such cases are pending in a court against a candidate his case of appointment shall be kept pending till the final decision of the Criminal Case.

(4) Any candidate who have more than one living wives and any female candidate who married such a person, who already has a living wife, shall be disqualified for service:

Provided that the Government may, if satisfied that there are special grounds for doing so, exempt any such candidate from the operation of this rule.

